
पंजाब केसरी
FRI,14 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# 10वीं-12वीं सप्लीमैंट्री परीक्षा की आंसर-की जारी, 17 तक आपत्ति

धर्मशाला, 13 अगस्त (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई 2026 में आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की सप्लीमैंट्री परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी बोर्ड की वैबसाइट पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देख सकते हैं।



किसी उत्तर पर आपत्ति होने पर विद्यार्थी 17 अगस्त शाम 5 बजे तक प्रमाण और संबंधित दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि आपत्ति ई-मेल पर भेजने के अलावा डाक या व्यक्तिगत रूप से बोर्ड की प्रश्न-पत्र निर्धारण शाखा में भी जमा करवाई जा सकती है।

प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञ समिति जांच करेगी और इसके आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी तैयार होगी। इसी अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर सप्लीमैंट्री परीक्षा का परिणाम तैयार किया जाएगा।

# 10वीं-12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा की आंसर-की जारी

## शिक्षा बोर्ड चेयरमैन का छात्रों से आह्वानः किसी भी जवाब पर है डाउट तो 17 अगस्त तक करें आपत्ति

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 13 अगस्तः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की जुलाई-2026 में आयोजित अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही जवाब चेक कर सकते हैं। बोर्ड ने छात्रों को यह सुविधा भी दी है कि यदि उन्हें किसी प्रश्न के उत्तर पर संदेह है, तो वे तय समय सीमा के भीतर प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जारी की गई अस्थायी उत्तर कुंजी को लेकर यदि किसी अभ्यर्थी को कोई शिकायत या आपत्ति है, तो वह 17 अगस्त, 2026 की शाम 5 बजे तक अपनी बात बोर्ड के सामने रख सकता है। छात्रों की सुविधा के लिए आपत्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से स्वीकार की जाएंगी। अभ्यर्थी अपनी शिकायत ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं या फिर डाक व व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय की प्रश्न-पत्र निर्धारण शाखा में जमा करवा सकते हैं। हालांकि, बोर्ड ने सख्त निर्देश दिए हैं कि आपत्ति के साथ संबंधित प्रश्न-उत्तर का स्पष्ट विवरण और उसके समर्थन में प्रामाणिक तथ्य या दस्तावेज लगाना अनिवार्य होगा। बिना ठोस सबूत के किसी भी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि छात्रों द्वारा प्राप्त सभी आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों की एक विशेष समिति करेगी। समिति तथ्यों और प्रमाणों की गहन समीक्षा करने के बाद अपनी अनुशंसा देगी, जिसके आधार पर फाइनल आंसर-की तैयार की जाएगी। इसी अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर सप्लीमेंट्री परीक्षा का फाइनल रिजल्ट बनेगा। बोर्ड अध्यक्ष ने यह भी साफ किया कि यदि 17 अगस्त की तय सीमा तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो वर्तमान में जारी अस्थायी उत्तर कुंजी को ही अंतिम मान लिया जाएगा।



डॉ. राजेश शर्मा

Dainik Savera Dt.14-08-2026

Anant Gyan Dt. 14-08-26

# 10वीं-12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा की आंसर-की जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई-2026 में आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की अनुपूरक परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर देख सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी उत्तर पर आपत्ति है, तो वह निर्धारित समय में प्रमाण सहित शिकायत दर्ज करवा सकता है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अस्थायी उत्तर कुंजी को लेकर आपत्तियां 17 अगस्त 2026 शाम 5 बजे तक स्वीकार की जाएंगी। विद्यार्थी ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत ई-मेल के माध्यम से भेजने के अलावा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय की प्रश्न-पत्र निर्धारण शाखा में भी जमा करवाई जा सकती है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आपत्ति के साथ संबंधित प्रश्न-उत्तर का विवरण और उसके समर्थन में प्रामाणिक तथ्य या दस्तावेज देना अनिवार्य होगा।

Amar Ujala Dt.14-08-2026

# 10वीं, 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा की उत्तरकुंजी जारी

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई में हुई 10वीं और 12वीं कक्षा की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं की अस्थायी उत्तरकुंजी जारी कर दी है। बोर्ड ने उत्तरकुंजी अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को अस्थायी उत्तरकुंजी में दिए किसी उत्तर पर आपत्ति है तो वह 17 अगस्त शाम पांच बजे तक आपत्ति दे सकता है। ब्यूरो

**Divya Himachal Dt.14-08-2026**

# अनुपूरक परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

## किसी भी जवाब पर संदेह है, तो 17 अगस्त तक दर्ज करवाएं आपत्ति

दिव्य हिमाचल ब्यूरो— धर्मशाला

- जुलाई में हुई थी दसवीं-12वीं की सप्लीमेंटरी परीक्षाएं
- छात्रों को ऑनलाइन या ऑफलाइन दर्ज करवानी होगी शिकायत

स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की जुलाई, 2026 में आयोजित अनुपूरक (सप्लीमेंटरी) परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही जवाब चैक कर सकते हैं। बोर्ड ने छात्रों को यह सुविधा भी दी है कि यदि उन्हें किसी प्रश्न के उत्तर पर संदेह है, तो वे तय समय सीमा के भीतर प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि जारी की गई अस्थायी उत्तर कुंजी को लेकर यदि किसी अभ्यर्थी को कोई शिकायत या आपत्ति है, तो वह 17 अगस्त की शाम पांच बजे तक अपनी बात बोर्ड के सामने रख सकता है। छात्रों की सुविधा के लिए आपत्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से स्वीकार की जाएंगी। बोर्ड ने सख्त निर्देश दिए हैं कि आपत्ति के साथ संबंधित प्रश्न-उत्तर का स्पष्ट विवरण और उसके समर्थन में प्रामाणिक तथ्य या दस्तावेज लगाना अनिवार्य होगा। बिना ठोस सबूत के किसी भी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे की प्रक्रिया पर बात करते हुए डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि छात्रों द्वारा प्राप्त सभी आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों की एक विशेष समिति करेगी। समिति तथ्यों और प्रमाणों की गहन समीक्षा करने के बाद अपनी अनुशंसा देगी, जिसके आधार पर फाइनल आंसर-की तैयार की जाएगी। इसी अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर सप्लीमेंटरी परीक्षा का फाइनल रिजल्ट बनेगा।

### बीटेक की 41 सीटें आवंटित

हमीरपुर। तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में गुरुवार को बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) में प्रवेश के लिए ईडब्ल्यूएस और टीएफडब्ल्यू श्रेणी वाले अभ्यर्थियों की स्पॉट काउंसिलिंग हुई। स्पॉट काउंसिलिंग में जमा दो की मैरिट के आधार पर 41 सीटें आवंटित की गईं। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में 17 अगस्त सायं पांच बजे तक रिपोर्ट करनी होगी। तकनीकी विश्वविद्यालय की एडमिशन कम काउंसिलिंग कमेटी के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि एमटेक (सभी ब्रांच) और फार्मेसी की स्पॉट काउंसिलिंग 14 अगस्त को संबंधित शिक्षण संस्थानों में होगी, जहां पर उपरोक्त कोर्स चलते हैं।

Dainik JAGRAN Dt.14-08-2026

# अनुपूरक परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई 2026 में आयोजित 10वीं और जमा दो की अनुपूरक परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की है। बोर्ड अध्यक्ष डाक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रश्न के उत्तर पर संदेह है, तो वह 17 अगस्त को शाम पांच बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है। इसके लिए अभ्यर्थियों को संबंधित प्रश्न के साथ प्रमाणिक तथ्य और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। ( **जासं** )

Dainik Bhaskar Dt.14-08-2026

# बोर्ड 10वीं-12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा: अस्थायी आंसर-की जारी, 17 तक दर्ज कराएं आपत्ति

**धर्मशाला|** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई में आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी है। अभ्यर्थी बोर्ड वेबसाइट पर जाकर प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जारी उत्तर कुंजी को लेकर यदि किसी परीक्षार्थी को कोई आपत्ति या संदेह है, तो वह 17 अगस्त की शाम 5:00 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से स्वीकार की जाएंगी।

AUGUST 14, 2026 FRIDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HPBOSE RELEASES PROVISIONAL ANSWER KEY FOR CLASS 10 AND 12 SUPPLEMENTARY EXAMS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

Time is ticking for Himachal Pradesh students who took the Class 10 and 12 supplementary exams this July. The state's school education board has officially dropped the provisional answer keys online, and the hunt for grading errors is on. HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that candidates can now cross-check their multiple-choice answers on the official website, but the board is also throwing down a challenge of its own. If you spot a flawed answer, you have a strict window to dispute it before the clock strikes 5:00 PM on August 17, 2026.

Don't expect the authorities to just take your word for it, though. The board demands rock-solid documentary evidence to back up any claims, warning that baseless complaints will be tossed out without a second glance. Students ready to contest a specific answer can fire off their documented grievances via email to hpbosesopapersetting.43@gmail.com, send them through the mail, or hand-deliver them directly to the question-paper setting branch at the board's headquarters in Dharamshala.

Once the deadline hits, a specialized squad of subject experts will heavily scrutinize every valid complaint to forge the final answer key, which will ultimately dictate the supplementary exam results. However, the board has drawn a hard line in the sand: if the August 17 deadline passes with zero objections, the current provisional key will be locked in permanently. The message to students is crystal clear—speak up right now with hard proof, or accept the current answers and move on.

